# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## षष्ठम्-सत्र

## अतारांकित प्रश्नों की सूची

## सोमवार, दिनांक 24 अगस्त, 2026

## कुल संख्या-22

| | |
|---|---|
| कृषि मंत्री | 02 |
| उद्योग मंत्री | 03 |
| शिक्षा मंत्री | 04 |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री | 03 |
| जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री | 02 |
| राजस्व मंत्री | 02 |
| सहकारिता राज्य मंत्री | 02 |
| ऊर्जा राज्य मंत्री | 04 |

### प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा हेतु कार्ययोजना

22. (1132/कृषि/अता.) श्री गुरवीर सिंह (42) – क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती के संरक्षण, संवर्धन एवं विस्तार के लिए वर्तमान में कौन-कौनसी नीतियां, योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं?

(2) प्रदेश में विगत तीन वर्षों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु वर्षवार कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गई? कितने किसानों को प्रशिक्षण दिया गया, कितने किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाई तथा कितने हैक्टेयर कृषि क्षेत्र को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाया गया? जिलावार एवं वर्षवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती से उत्पादित कृषि उपज के

प्रमाणीकरण, पृथक विपणन, न्यूनतम लाभकारी मूल्य, ब्रांडिंग एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए क्या व्यवस्था की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु कोई समयबद्ध कार्ययोजना एवं लक्ष्य निर्धारित किए हैं? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला करौली में संचालित किसान सेवा केन्द्र

23. (1181/कृषि/अता.) श्री घनश्याम (50) – क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला करौली में कितने किसान सेवा केन्द्र संचालित हैं? विधान सभा क्षेत्रवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त में से कितने केन्द्र भवनहीन हैं? क्या सरकार उक्त भवन विहीन केन्द्रों के भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कोटा सम्भाग में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कार्ययोजना

24. (239/उद्योग/अता.) श्री संदीप शर्मा (172) – क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या कोटा सम्भाग से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो किस-किस स्थान पर?

(2) उक्त औद्योगिक क्षेत्र हेतु कितनी भूमि चिन्हित की गई है तथा कितनी भूमि का आवंटन किया जा चुका है? क्या उक्त औद्योगिक गलियारों के लिए सड़क, विद्युत, जल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की कार्ययोजना तैयार की गई है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) कोटा सम्भाग में उक्त औद्योगिक क्षेत्र कब तक बनकर तैयार हो जाएंगे तथा उसके बाद औद्योगिक उपयोग हेतु भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया क्या रहेगी?

## शाहबाद (बारां) में खेल अकादमी की स्थापना

25. (386/युवा मामले एवं खेल/अता.) श्री शान्ती धारीवाल (161) – क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) शाहबाद (बारां) में तीरंदाजी व एथलेटिक्स खेल अकादमी की स्थापना में सहरिया जनजाति वर्ग के कितने खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया गया तथा इस पर कितनी राशि व्यय की गयी?

(2) कपासन-चित्तौड़गढ़ में इन्डोर खेल स्टेडियम के निर्माण पर अब तक कितनी राशि व्यय की गयी तथा स्टेडियम का निर्माण कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सूरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र में खेल मैदानों का विकास

26. (502/युवा मामले एवं खेल/अता.) श्री डूंगरराम गेदर (72)–क्या युवा मामले एवं खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में निजी एवं सरकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु कौन-कौनसे नियम एवं मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं? कार्यक्रमों की स्वीकृति, शुल्क निर्धारण एवं उपयोग की शर्तों का विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विगत तीन वर्षों में उक्त स्टेडियम में कितने सरकारी एवं निजी कार्यक्रम आयोजित किए गए? उक्त कार्यक्रमों से प्राप्त आय एवं व्यय का कार्यक्रमवार, वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र सूरतगढ़ में विगत दो वर्षों में खेल मैदानों के विकास, निर्माण, मरम्मत एवं खेल सुविधाओं के विस्तार हेतु कौन-कौनसे कार्य किए गए तथा उन पर

कितनी राशि व्यय की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) उक्त विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में कौन-कौनसे खेल मैदानों से संबंधित कार्य प्रक्रियाधीन हैं? सरकार द्वारा उक्त कार्यों को कब तक पूर्ण करवा दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## परबतसर विधान सभा क्षेत्र में राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवन

27. (96/शिक्षा/अता.) श्री रामनिवास गावड़िया (134) – क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) डीडवाना-कुचामन जिले एवं विधान सभा क्षेत्र परबतसर में कितने राजकीय विद्यालयों के जर्जर भवन ध्वस्त करने के बाद भी नवीन भवनों का निर्माण लंबित है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा डीडवाना-कुचामन जिले एवं परबतसर क्षेत्र में विगत तीन वर्षों में कितने विद्यालय भवन स्वीकृत किये गये? उक्त में से कितनों का निर्माण कार्य पूर्ण तथा कितनों का अभी लंबित है? सरकार उक्त भवनों का निर्माण कब तक करवाने का विचार रखती हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सपोटरा विधान सभा क्षेत्र में हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित विद्यालय

28. (650/शिक्षा/अता.) श्री हंसराज मीना (188) – क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में हिन्दी माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित राजकीय विद्यालयों में नामांकन का जिलेवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र सपोटरा में हिन्दी माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित राजकीय विद्यालयों में नामांकन का विद्यालयवार

संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) जिला करौली में हिन्दी माध्यम से अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित विद्यालयों का नाम, अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तन का वर्ष, वर्तमान छात्र नामांकन तथा स्वीकृत एवं कार्यरत शिक्षकों का विधान सभा क्षेत्रवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनियासर के नवीन भवन का निर्माण

29. (834/शिक्षा/अता.) श्री मनोज कुमार (सुजानगढ़) (112) – क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि बीदासर ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, लूण सिंह जी की ढाणी में नये भवनों के निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है? यदि हां, तो कितनी वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है? उक्त विद्यालयों के भवनों के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करवा दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला बारां की ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था हेतु स्वीकृत राशि

30. (483/पंचायतीराज/अता.) श्री ललित मीना (142) – क्या पंचायतीराज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा वर्ष, 2024-25 एवं 2025-26 में बारां जिले की किस-किस ग्राम पंचायत को स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था हेतु कितनी-कितनी राशि, किस-किस मद में कब-कब स्वीकृत कर जारी की गई? पंचायत समितिवार, ग्राम पंचायतवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) जिला बारां की कौन-कौनसी ग्राम पंचायतें उक्त स्वच्छता अनुदान/सफाई बजट से वंचित हैं?

सरकार द्वारा उक्त वंचित ग्राम पंचायतों में स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था राशि कब तक स्वीकृत कर दी जावेगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला अजमेर में बीपीएल परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु सहायता

31. (334/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता/अता.) श्री शत्रुघन गौतम (160) – क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) अजमेर जिले में विगत दो वर्षों में विधवा एवं बीपीएल परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने आवेदकों को अनुदान राशि उपलब्ध कराई गई तथा कितने आवेदन अब तक लम्बित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार उक्त लम्बित आवेदनों को कब तक स्वीकृत करने का विचार रखती है?

(3) क्या सरकार उक्त योजना में अनुदान राशि को बढ़ाने का विचार रखती है? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला बाड़मेर एवं बालोतरा में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान

32. (940/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता/अता.) डॉ. प्रियंका चौधरी (96) – क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में विगत तीन वर्षों में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने आवेदन स्वीकृत कर कितने छात्रों को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किया गया? श्रेणीवार व जिलेवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त अवधि में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना हेतु स्वीकृत आवेदनों के अंतर्गत मांग की गयी राशि तथा केन्द्र एवं सरकार द्वारा जारी अनुदान राशि का वर्षवार

संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) जिला बाड़मेर एवं बालोतरा में विगत तीन वर्षों में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत श्रेणीवार कितने आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदनों में से कितनों को छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया तथा कितने आवेदन लम्बित हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखे।

(4) सरकार उक्त लंबित आवेदनों को कब तक भुगतान करने का विचार रखती है?

## जिला चुरू में दिव्यांगों को स्कूटी का वितरण

33. (1259/सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता/अता.) श्री मनोज कुमार (सादुलपुर) (113) – क्या सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला चूरू में कितने दिव्यांग हैं?

(2) उक्त दिव्यांगों में से अब तक कितने दिव्यांगो को स्कूटी प्रदान कर दी गई एवं कितने वंचित हैं? सरकार उक्त वंचित दिव्यांगों को कब तक स्कूटी प्रदान करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) ट्रस्ट या एन.जी.ओ. द्वारा दिव्यांगो को स्कूटी प्रदान करने पर सरकार द्वारा कितना अंशदान दिया जाता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) ट्रस्ट या एन. जी. ओ. द्वारा अंशदान राशि बाबत कहां व किस प्रकार आवेदन किया जाता है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## अनुसूचित क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्य

34. (60/जनजाति क्षेत्रीय विकास/अता.) श्री अनिल कुमार कटारा (127) – क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विभाग को विगत दो वर्षों में केंद्र/राज्य सरकार से कितना बजट प्राप्त हुआ तथा उक्त बजट का

उपयोग कहां-कहां किया गया? जिलेवार एवं योजनावार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त अवधि में विभाग द्वारा अनुसूचित क्षेत्र के जिलों में कितने कार्य कितनी राशि के पूर्ण किए गए व कितने कार्य किन कारणों से लंबित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ओसियां विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्य

35. (1264/जनजाति क्षेत्रीय विकास/अता.) श्री भैरा राम चौधरी (सियोल) (108) – क्या जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र ओसियां के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में मां बाड़ी केंद्र खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र में मां बाडी केंद्र स्वीकृत करने के प्रस्ताव लंबित हैं? यदि हां, तो सरकार उक्त लंबित प्रस्तावों को कब तक स्वीकृत करने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र ओसियां के जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में विकास कार्य स्वीकृत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ग्राम पंचायत पथैना (वैर) का उप तहसील में क्रमोन्नयन

36. (210/राजस्व/अता.) श्री बहादुर सिंह (99) – क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र वैर की ग्राम पंचायत पथैना को उप तहसील में क्रमोन्नत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि सरकार को पूर्व में भी उक्त ग्राम पंचायत को उप तहसील में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं? यदि हां, तो

कब- कब तथा सरकार द्वारा उक्त के संबंध में क्या कार्यवाही की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## आसपुर विधान सभा क्षेत्र में नवीन पटवार सर्किलों की स्थापना

37. (434/राजस्व/अता.) श्री उमेश मीणा (23) – क्या राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र आसपुर में नवीन पटवार सर्किल बनाने के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुए हैं? यदि हां, तो विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र आसपुर के कितने सर्किल एवं पटवार मंडल कार्यालय स्वयं के भवनों में तथा कितने किराये के भवनों में संचालित हैं? सरकार भवन विहीन उक्त कार्यालयों के भवन कब तक निर्माण करवाने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखे।

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र के पटवार मंडलों में पटवारियों के कितने पद स्वीकृत हैं? उक्त पदों में से कितने पद रिक्त हैं? सरकार उक्त रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखे।

## पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र के किसानों की केन्द्रीय सहकारी बैंक में जमा हिस्सा राशि

38. (477/सहकारिता/अता.) श्री चेतन पटेल कोलाना (53) – क्या सहकारिता राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र पीपल्दा की 49 ग्राम सेवा सहकारी समितियों के किसानों की केन्द्रीय सहकारी बैंक में जमा हिस्सा राशि 15.03 करोड़ को पुनः सहकारी समितियों को देने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त हिस्सा राशि सहकारी समितियों को कब तक दे दी जायेगी? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कपासन विधान सभा क्षेत्र में हवाई पट्टी का निर्माण

39. (1161/नागरिक उड्डयन/अता.) श्री अर्जुन लाल जीनगर (13) – क्या नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र कपासन में स्थाई हेलीपेड व हवाई पट्टी बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## छबड़ा विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत ग्रिड सब-स्टेशन

40. (118/ऊर्जा/अता.) श्री प्रताप सिंह सिंघवी (94) – क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र छबड़ा में जनवरी, 2023 से जुलाई, 2026 तक कहां-कहां 33/11 एवं 132 केवीए जीएसएस तथा विभिन्न ग्रिड सब-स्टेशन स्वीकृत किए गए हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त स्वीकृत जीएसएस में से कितने जीएसएस के कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितनों का कार्य किन कारणों से अपूर्ण हैं? सरकार द्वारा अपूर्ण जीएसएस का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करवा दिया जायेगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र छबड़ा के अनेक ग्रामों में कम वोल्टेज, बार-बार विद्युत बाधित होने एवं विद्युत भार (ओवरलोडिंग) की समस्या बनी हुई है? यदि हां, तो उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार उक्त क्षेत्र में अतिरिक्त जीएसएस स्वीकृत कर स्थापित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कहां-कहां व कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र में जनवरी, 2023 से जुलाई, 2026 तक स्मार्ट मीटरों संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो प्राप्त शिकायतों पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी? विवरण सदन की मेज पर रखे।

## सोजत विधान सभा क्षेत्र में विद्युत सुधार कार्य

41. (198/ऊर्जा/अता.) श्रीमती शोभा चौहान (165) – क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र सोजत के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में झूलते/ ढीले विद्युत तारों को ठीक करने, जर्जर पोलों को बदलने तथा जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए डिस्कॉम द्वारा क्या समय-सीमा/मानक निर्धारित किए गए हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें?

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में विगत एक वर्ष में कृषि व घरेलू ट्रांसफार्मर जलने की कितनी शिकायतें दर्ज हुईं? उक्त में से कितने ट्रांसफार्मर निर्धारित समय-सीमा में बदले गए ? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विधान सभा क्षेत्र सोजत में विगत दो वर्षों में ढीले तारों को दुरुस्त करने तथा नए पोल लगाने हेतु 'मेंटेनेंस मद' या आरडीएसएस योजना के तहत कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं वर्तमान में कितने स्थानों पर तार कसने/पोल बदलने का कार्य किया गया तथा कितने कार्य लंबित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखे।

## सप्तऋषि कॉलोनी, जयपुर में विद्युत लाइनों को हटाने की कार्ययोजना

42. (267/ऊर्जा/अता.) श्री कैलाश चन्द वर्मा (36) – क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सप्तऋषि कॉलोनी, हटवाडा, रामगढ़ रोड में 11 हजार वॉल्ट क्षमता के बिजली के तारों की लाइन रिहायशी मकानों के ऊपर से जा रही है? यदि हां, तो उक्त ओवरहेड बिजली के तारों में कितने समय से विद्युत प्रवाह नहीं है अथवा अक्रियाशील है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह भी सही है कि उक्त क्षेत्र में उतनी ही क्षमता की भूमिगत विद्युत लाइनें डाली जा चुकी हैं? यदि हां, तो कब से इन भूमिगत लाइनों से विद्युत प्रवाह चालू है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या उक्त अक्रियाशील ओवरहेड विद्युत लाइनों को रिहायशी मकानों से हटाने के लिए आमजन ने कोई मांग पत्र सहायक अभियंता कार्यालय – आमेर में प्रस्तुत किया है? यदि हां, तो कब व उक्त पर विभागीय स्तर पर क्या कार्यवाही हुई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार उक्त अनुपयोगी व अक्रियाशील बिजली की ओवरहेड लाइनों को रिहायशी मकानों से हटाकर केबल्स को विद्युत स्टोर में जमा करवाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सिकराय विधान सभा क्षेत्र में नवीन विद्युत कनेक्शन

43. (959/ऊर्जा/अता.) श्री विक्रम बंशीवाल (149) – क्या ऊर्जा राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश के चार हजार व उससे अधिक आबादी वाले ऐसे कस्बों एवं ग्रामों में नवीन विद्युत कनेक्शन जारी करने हेतु वर्तमान में कौनसे नियम निर्धारित हैं?

(2) विधान सभा क्षेत्र सिकराय के सिकंदरा, मेहंदीपुर बालाजी, मानपुर सहित ऐसे कस्बों/ ग्रामों में नवीन विद्युत कनेक्शन शहरी क्षेत्र के प्रावधानों के अनुसार दिए जा रहे हैं अथवा ग्रामीण क्षेत्र के प्रावधानों के अनुसार?

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र में विगत तीन वर्षों में जारी किए गए नवीन घरेलू एवं कृषि तथा वाणिज्यिक/अन्य श्रेणियों के कनेक्शनों की संख्या का वर्षवार एवं ग्राम पंचायतवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर।**
**दिनांक : 12 अगस्त, 2026**

**भारत भूषण शर्मा**
**प्रमुख सचिव**